काजोल की बहन तनीषा फिल्म खबीस के साथ करेंगी कमबैक

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

टीवी रिएसिटी शो बिग बॉस में हिस्सा ले चुकीं अभिनेत्री तनीषा मुखर्जी बहुत जल्द एक फिल्म के जरिए एक्टिंग में वापसी करने वाली है. रिएलिटी शो का हिस्सा रह चुकीं अभिनेत्री लंबे समय से रुपहले पर्दे से दूर हैं. मगर एक बार फिर उन्होंने फिल्मों की तरफ उनका रुख करना किया है. यह खबर उनके फैंस के लिए एक खुशखबरी से कम नहीं हैं. अभिनेत्री काजोल की बहन तनीषा मुखर्जी ने अपनी अगली फिल्म के बारे में लोगों के बीच शेयर किया है. तनीषा ने खुलासा किया कि वह बहुच जल्द फिल्म खबीस के साथ वापसी करने वाली हैं. अपनी फिल्म के बारे में जानकारी देते तनीषा ने इंस्टाग्राम पर लिखा, अपनी अगली फिल्म खबीस का ऐलान करने को लेकर बहुत रोमांचित हूं, जो थ्रिलर की एक नई विधा है. इस फिल्म को निर्देशक सरीम मोमीन की तरफ से निर्देशित किया जा रहा है. फिल्म में काम करने वाले अन्य कलाकारों की बात करें तो अभिनेता सिंद्धांत कपूर भी इस फिल्म में नजर आने वाले हैं. बिग बॉस में नजर आने के बाद तनीषा फिल्मों और टीवी शोज से दूर ही नजर आईं मगर अब एक के बाद एक अभिनेत्री लागातार फिल्में करने का प्लान बनाया है. फिल्म खबीस के अलावा तनीषा कोड नेम अब्दुल में भी नजर आएंगी जिसकी कहानी रॉ को मिले सीक्रेट मिशन के इर्द-गिर्द घूमती है. तनीषा मुखर्जी की पहली फिल्म की बात करें तो उन्होंने यश राज फिल्म्स के बैनर तले आई फिल्म नील एन निकी से अपने एक्टिंग के करियर की शुरुआत की थी. हालांकि, दर्शकों का सर्थन हासिल नहीं हुआ लेकिन तनीषा अपना नाम बनाने में कामयाब रहीं.

Tanisha Mukherjee

जैकेट और बूट्स में नजर आयीं श्रद्धा

बॉलिवुड ऐक्ट्रेस श्रद्धा कपूर की इस साल 2 फिल्में रिलीज हो चुकी हैं- बाहुबली ऐक्टर प्रभास के साथ साहो और सुशांत सिंह राजपूत के साथ छिछोरे। दोनों ही फिल्मों में श्रद्धा कपूर ने अपनी ऐक्टिंग से काफी सुर्खियां बटोरीं और अब वो वरुण धवन के साथ अपनी आने वाली फिल्म स्ट्रीट डांसर को लेकर चर्चा में हैं। ऐक्टिंग के साथ-साथ श्रद्धा का फैशन और स्टाइल सेंस भी बेहतरीन है। श्रद्धा अपने इंस्टाग्राम पर अपनी तस्वीरें पोस्ट कर आए दिन फैंस और फॉलोअर्स को फैशन गोल्स देती नजर आती हैं। अपने रियल लाइफ में अक्सर क्यूट, सिंपल और डीग्लैम लुक में नजर आने वाली श्रद्धा कपूर पिछले दिनों नजर आयीं बेहद हॉट ग्लैमरस लुक में। एक मैगजीन के कवर शूट के लिए श्रद्धा ने पोज दिया और इस दौरान उन्होंने सिर्फ जैकेट और लॉन्ग बूट्स पहन रखे थे। ब्लैक कलर के इस शाइनी, फ्रंट जिप, फेदर डाउन थाई लेंथ जैकेट को श्रद्धा ने ब्लैक ऐंड वाइट कलर के पैटर्न वाले नी लेंथ बूट्स के साथ टीमअप कर पहना था। नो अक्सेसरी, खुले बाल, रेड लिपस्टिक और रेड आईशैडो के साथ श्रद्धा इस लुक में बेहद हॉट और ग्लैमरस लग रहीं थीं।

१०० करोड़ी फिल्मों का हिस्सा बनकर फूली नहीं समा रहीं भूमि पेडनेकर

ऐक्ट्रेस भूमि पेडनेकर इन दिनों फूली नहीं समा रही हैं। आखिर उनकी हाल ही में रिलीज हुई फिल्म बाला ने १०० करोड़ से ज्यादा की कमाई जो कर ली है। भूमि को इससे ज्यादा इस बात की खुशी है कि इससे पहले भी उनकी एक फिल्म १०० करोड़ से ज्यादा का बिजनस कर चुकी है। बाला को दर्शकों का जो प्यार मिला, उससे भूमि बेहद खुश हैं। उन्होंने कहा, यह काफी महत्वपूर्ण फिल्म है, जिसमें काफी अहम चीजें बताई गई हैं। इन चीजों को सभी को सुनना और उन पर विचार करना चाहिए। मैं बहुत आभारी हूं कि दर्शक इसे इतना प्यार दे रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, मेरी एक और फिल्म का १०० करोड़ के क्लब में शामिल होना, मेरे लिए बहुत खुशी की बात है, लेकिन उससे भी अच्छी बात यह है कि सामाजिक मुद्दों से जुड़ी फिल्म जैसे 'टॉयलेट-एक प्रेमकथा' और 'बाला' एक मैसेज के साथ बहुत सारे लोगों तक पहुंची।' अब भूमि जल्द ही फिल्म पति पत्नि और वो में नजर आएंगी, जिसमें उनके अलावा कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे भी हैं। इस फिल्म में उनका किरदार कार्तिक की पत्नी का है, जबकि अनन्या कार्तिक की गर्लफ्रेंड के रोल में दिखेंगी। यह फिल्म 6 दिसंबर को रिलीज होगी।